CHHATTISGARH SWAMI VIVEKANAND TECHNICAL UNIVERSITY
छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय

क्रमांकः छगस्वावितविवि / परीक्षा / 2022 / 045 भिलाई, दिनांकः 14-01-2022

परीक्षा हेतु छात्रों / छात्राओं को दिशा निर्देश

परीक्षा सत्र **नवम्बर–दिसम्बर 2021** के लिये सभी पाठ्यक्रमों के परीक्षार्थियों हेतु निम्नलिखित दिशा–निर्देश जारी किए जाते हैं:–

1. सभी पाठ्यक्रमों की परीक्षायें ऑनलाईन मोड पर **दिनांक 20 जनवरी 2022** से आयोजित की जा रही है, परीक्षा समय–सारणी के लिए विश्वविद्यालय के वेब साईट का अवलोकन करें।
2. विषय से संबंधित पाठ्यक्रम (Syllabus) के अंतर्गत वर्णनात्मक (Subjective) प्रश्न पत्र तैयार किए जाएंगे।
3. छात्रों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त परीक्षाओं में परीक्षार्थी अध्ययनरत् संस्थाओं के माध्यम से ही सम्मिलित होंगे। परीक्षा संबंधी अतिरिक्त दिशा–निर्देश हेतु अध्ययनरत् महाविद्यालय से संपर्क करें।
4. परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटा पूर्व छात्र अपने उपस्थिति की सूचना अपने विभागाध्यक्ष / समन्वयक को अनिवार्य रूप से देंवे।
5. परीक्षा के दिन प्रातः काल 09:30 बजे प्रश्न पत्र विभागाध्यक्ष / समन्वयक के ईमेल / व्हाट्सअप इत्यादि के माध्यम से छात्रों को प्रेषित (Send) कर दिया जाएगा। छात्रों के द्वारा स्केन की गई उत्तरपुस्तिका का पीडीएफ (PDF) को संबंधित विभागाध्यक्ष / समन्वयक के ईमेल / व्हाटसअप में भेजा जाएगा।
6. एक परीक्षा के लिए 10 एमबी का हाई स्पीड बैंड विड्थ आवश्यक है।
7. उत्तरपुस्तिका को निम्नलिखित एप्लीकेशन के द्वारा स्कैन किया जा सकता है।

A. Genius Scan – PDF Scanner
B. Clear Scan
C. Document Scanner

8. **पीडीएफ का साईज अधिकतम 20 एमबी होना चाहिए एवं पीडीएफ का नामकरण (Nomenclature for PDF) विषयकोड_रोलनम्बर होगा। (उदा.– विषय कोड – 300831(37) एवं रोल नं.–3033717052 है तो पीडीएफ नामकरण होगा 300831(37)_3033717052**
9. छात्र के द्वारा A4 साईज का पेज उपयोग में लाया जाएगा, एवं प्रश्नों का उत्तर तर्कसंगत (to the point) लिखा जाएगा। A4 साईज पेज की अनुपलब्धता की स्थिति में रजिस्टर साईज के पेज का उपयोग कर सकते हैं। प्रत्येक पृष्ठ के नीचे दाहिनी तरफ पृष्ठ क्रमांक दर्ज करें।
10. प्रथम पृष्ठ का प्रारूप विश्वविद्यालय के वेबसाईट में प्रकाशित किया गया है जिसको छात्र के द्वारा डाउनलोड किया जाये। प्रिंटिंग सुविधा की अनुपलब्धता की स्थिति में प्रारूप का हस्तलिखित (Hand Written) प्रारूप बनाकर पूर्ण विवरण भरकर अपलोड करें।

Newai, P.O.-Newai, District-Durg, Chhattisgarh, Pin-491107
Telephone: +91-788-2200062, Fax- +91-788-2445020 Web: www.csvtu.ac.in, E-mail: registrar@csvtu.ac.in

11. दूसरे पृष्ठ (पेज नं. 2) में छात्र के द्वारा प्रवेश पत्र लेकर सेल्फी लिया हुआ फोटो अपलोड किया जाएगा। प्रिंटिंग की अनुपलब्धता के कारण प्रवेश–पत्र के स्थान पर हस्तलिखित विवरण भरा हुआ प्रारूप के साथ सेल्फी लेंवे, जो पेज नम्बर 2 होगा।
12. उत्तरपुस्तिका की अधिकतम संख्या 40 पृष्ठों की होगी एवं प्रथम पेज छात्र का विवरण व दूसरा पेज में छात्र प्रवेश पत्र/विवरण के साथ सेल्फी अपलोड करना है। इस प्रकार कुल 42 पृष्ठों को अपलोड करना अनिवार्य है।
13. किसी भी छात्र की उत्तरपुस्तिका 42 पृष्ठों से अधिक या उससे कम होगी तो उत्तरपुस्तिका निरस्त की जा सकती है और इसकी जिम्मेदारी छात्र की होगी।
14. स्कैन करते समय छात्र द्वारा सावधानी बरतें कि पूरा पृष्ठ (Page) का स्पष्ट इमेज होना चाहिए एवं उसका पीडीएफ (PDF) पूर्णतः मूल्यांकन योग्य (Visible and Readable) होना चाहिए।
15. छात्रों के द्वारा यह सुनिश्चित किया जाये कि अंतिम प्रश्न का उत्तर समाप्त हो गया है। अंतिम उत्तर समाप्ति पश्चात् शेष पृष्ठ को काटा जाना चाहिए।
16. प्रथम पाली की परीक्षा की उत्तर–पुस्तिका दोपहर 02:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षा की उत्तर–पुस्तिका शाम 06:00 बजे तक परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका के स्केन कॉपी को अपने महाविद्यालय के समन्वयक के दिए गए ईमेल/व्हाट्सअप में अपलोड करें।
17. परीक्षा के दौरान छात्रों को एक दूसरे या अन्य के साथ संपर्क करना निषेध है। यदि निगरानी करते समय ऐसी गतिविधि पायी गई तो उसे नकल प्रकरण (UFM) के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।
18. अलग–अलग दो छात्रों के उत्तरपुस्तिका में एकरूपता पाए जाने की स्थिति में दोनो छात्रों के ऊपर नकल प्रकरण (UFM) की कार्यवाही की जाएगी।
19. ड्राइंग/ग्राफिक्स विषय की परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अलग पृष्ठ से प्रारंभ किया जाये एवं प्रत्येक पृष्ठ की स्कैनिंग अलग–अलग करके एक पीडीएफ बनाकर अपलोड किया जाये। पीडीएफ का साईज अधिकत्तम 20 MB एवं पेज की संख्या 40+2 होना चाहिए।

कुलसचिव
छगस्वावितविवि, भिलाई

To be filled, scanned and kept at 1st page of Answer Booklet.

Nov-Dec 2021 Examination

Student Name: ....

Mobile No.: ....

Email ID: ....

Enrollment No.:

Roll No.:

Course: .... Semester: ....

Branch/Specialization: ....

Subject Code:

								(			)

Subject Name: ....

Regular/Backlog: ....

Date of Exam: ..../............/2022

Note:

1) **Only above format is to be used for Nov-Dec 2021 Exams. Older/earlier format will not be accepted.**
2) **Nomenclature to be mentioned in the Answer Booklet should be Subject code_Roll No. only.**
3) **Only Roll No. generated in Admit Card must be filled (College Transfer students must take care in filling their Roll Nos,).**

I certify that above information given there in is correct and I shall be personally responsible for the same if proved wrong/false later on.

Signature:......................................